तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 8 जून 2024




10 गन्ने की कीमत बढ़ाने और बोनस देने की मांग ...


09 पार्षद ने कराई काशीबन तालाब की सफाई





REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41


**समस्या : खेतों में पैरा जलाने से हो रही हैं दुर्घटनाएं और धनहानि भी**

# किसान ने अपने खेत में लगाई आग, खार में रखे, 6 एकड़ का पैरा, पंप का बिजली बोर्ड और झोपड़ी खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धान कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए किसानों द्वारा अब खेतो की साफ- सफाई की जा रही है। ऐसे में खेतों में रखे पैरा को भी किसान जलाने लगे हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं के साथ धनहानि की घटनाएं भी सुनने को आ रही हैं।

- नई फसल के लिए खेतों में साफ-सफाई का काम शुरू

ऐसी ही एक घटना ग्राम नेवारीकला में हुई। 6 जून को दोपहर एक किसान द्वारा अपने खेत मे मौजूद पैरा में दोपहर को आग लगाई।यह आग ऐसी फैली की आसपास के 6 एकड़ के खेत मे मौजूद पैरा जलकर खाक हो गया। इसी बीच ग्राम नेवारीकला के एक कृषक के मोटर पंप का बिजली बोर्ड के साथ लकड़ी से बनी झोपड़ी भी जलकर राख हो गई। इसी प्रकार पास के ग्राम टेकापार में पराली जलाने के कारण खेत में रखे ट्रैक्टर की ट्राली भी जल गई, जिसके किसान को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। ग्राम नेवारीकला के किसान ने बताया कि इसके पूर्व वे खेतों को देखने रोजाना जाया करते थे। कुछ दिनों से घर में निर्माण कार्य चलने के कारण वर्तमान में वे खेत नहीं जा पा रहे थे।घर के निर्माण कार्य पर ध्यान दे रहे थे। 6 जून को दोपहर को 3 बजे किसी अन्य कृषक ने उन्हें फोन के माध्यम से जानकारी दी कि उनकी मोटर पंप मशीन का बिजली बोर्ड व झोपड़ी मे आग लग गई है। साथ ही उनके अन्य खेतो मे मौजूद पैरा में भी आग लग गई है। जब तक वे खेतों तक पहुंचे बिजली बोर्ड के साथ लकड़ी की झोपड़ी जलकर राख हो चुकी थी। जिसके कारण उन्हें 15 हजार से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। मोटर पंप के वायर के साथ बिजली बोर्ड में लगा सभी सामान जल चुका है। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात कृषक द्वारा अपने खेत मे दोपहर को आग लगाई गई होगी। सावधानी नहीं बरतने के कारण हमारे लिए मुसीबत बन गई।


फाइल फोटो

### प्रशासन ने नहीं की ठोस पहल

इस बार जिला प्रशासन द्वारा पराली को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। गौठानों मे पैरा पहुंचाने की अपील भी नहीं की गई और ना ही इसके प्रति लोगो को जागरूक किया गया। जिसके कारण वर्तमान में किसान पराली जलाने में लगे हुए हैं।

### पैरा दान नहीं कर रहे किसान

किसान दीपावली के अवसर पर गोवर्धन पूजा में गौमाता के साथ मवेशियों की भगवान के सामान पूजा करते हैं। खिचड़ी खिलाते हैं लेकिन अन्य समय यही किसान इन मवेशियों के लिए खेतों में पैरा जलाने के जगह गौठानों में दान भी नहीं करते। घुमंतु मवेशी साल भर खाने की तलाश में भटकते रहते हैं। अगर किसानों द्वारा पैरा दान किया जाता है तो मवेशी सड़कों में न रहकर गौठानों में रहेंगे तथा सड़क दुर्घटना की गुंजाइश कम होगी।

# जिले में अब तक लक्ष्य का 88.62 प्रतिशत खरीदा गया तेंदूपत्ता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के वनांचल में हरा सोना अर्थात तेंदूपत्ता की खरीदी की मई महीने में आरम्भ की गईं थी। जिसके तहत वन विभाग द्वारा जिले के 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों में तेन्दूपत्ता की खरीदी की गईं है। इस वर्ष लघु वनोपज के तहत तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए 23594 संग्राहक परिवारों ने हिस्सा लिया। जिसके तहत कुल खरीदी 22864.370 मानक बोरा की गईं है, जो कुल लक्ष्य का 88.62 प्रतिशत है। प्रशासन द्वारा विभाग को 25800 मानक बोरे खरीदी का लक्ष्य प्राप्त हुआ था।

- 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों में की खरीदी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष 23594 संग्राहक परिवारों से 22864.370 मानक बोरे की खरीदी 252 संग्रहण केन्द्रों से तेन्दूपत्ता की खरीदी की गईं है। जिसकी कुल राशि 125754035 रुपए आंकी गईं है। वही तेंदूपता प्रति मानक बोरा 5500 के हिसाब से खरीदी के बाद संग्राहकों के खातों के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 78738385 रुपए भुगतान किया जा चुका है। शेष राशि का भुगतान करना बाकी है।

### सबसे ज्यादा खरीदी गैदी संग्रहण केंद्र में

जिले के 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों से तेन्दूपत्ता की खरीदी की गईं है। जिसके आधार पर सबसे ज्यादा खरीदी गैदी संग्रहण केन्द्र द्वारा की गईं है। जहाँ तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 1800 मानक बोरे का प्राप्त हुआ था। कुल खरीदी 1881.155 मानक बोरा किया गया, जो कुल लक्ष्य का 104.51 प्रतिशत है।

### बड़भूम समिति में हुआ 81 लाख का भुगतान

बड़भूम समिति प्रबंधक जीएस उषारे ने बताया कि बड़भूम समिति अंतर्गत कुल 2382 संग्राहकों से खरीदी की गईं है, जिनमें से लगभग 2024 हितग्राहियों को लगभग 81 लाख राशि ऑनलाइन भुगतान किया गया। वही लगभग 358 हितग्राही को लगभग 12 लाख राशि ऑफलाइन भुगतान करना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### जिम्मेदारों की उदासीनता से भिलाई में हजारों पौधे चट कर गए जानवर

**भिलाई**। हो सके तो मुझे पानी दो, बड़ा हुआ तो छाया दूंगा..। कवि की इस कविता के हरितिमा के संदेश को शहर में हवा में उड़ाने का खामियाजा भीषण गर्मी में शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। भिलाई में पौधरोपण के नाम पर नगर निगम द्वारा लाखों, करोड़ों फूंकने के बाद भी आधा शहर ड्राई एरिया की तरह बनकर रह गया है। पौधारोपण के कई स्थल वीरान पड़े हैं। औद्योगिक शहर होने के कारण भिलाई में हरियाली की ज्यादा जरुरत है। लेकिन सालों बाद भी नगर निगम भिलाई ने इस दिशा में कोई खास संजीदगी नहीं दिखाई। उल्लेखनीय है कि पेड़ काटे जाने पर दस पौधे लगाने का नियम है । लेकिन इसे लेकर भिलाई निगम कितना जागरुक है, इसकी मिसाल पटरीपार का निगम क्षेत्र यानी आधा शहर पौधों के लिए तरस रहा है। वहीं बाकी आधे शहर यानी बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में लाखों पेड़ लगे हैं। जबकि 50 वार्डों में फैले पटरीपार के क्षेत्र में गिने चुने पेड़ ही हैं,जिसके चलते तपिश थोड़ी अधिक रहती है।

### ज्वाइंट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन टीम को लेकर आईजी ने ली बैठक

**भिलाई**। आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा साईबर ठगी में कमी लाने और जिले मे हो रहे साईबर क्राइम से बचने के लिए बैठक लिया। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन राठौर, सुश्री रिचा मिश्रा , सीएसपी, एसडीओपी समेत थाना प्रभारी, प्रभारी उपस्थित थे। आईजी ने कहा कि जेसीसीटी का अधिक से अधिक उपयोग कर, साइबर फ्रॉड के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली जा रही है। साइबर फ्रॉड से जुड़े प्रकरणों में शीघ्र जांच कर उसे निराकृत कर पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया है।

### आरबीआई इंडेक्स के हिसाब से रॉ मटेरियल का रेट लगाएं

**भिलाई**। बीएसपी के सीपीडी में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों के एक ग्रुप ने एमएसएमई जिला उद्योग संघ के नेतृत्व में गुरुवार मुख्य महाप्रबंधक एसके गजभिए एवं महाप्रबंधक राजीव सोनटके से मुलाकात की। मशीनिंग के लिए लगने वाले रॉ मटेरियल में बेतहाशा वृद्धि से परेशान उद्योगपतियों ने मटेरियल का रेट ज्यादा होने से काम का वैल्यू नहीं मिल पाने के कारण काम कर पाने में असमर्थता जताई। उन्होंने आरबीआई इंडेक्स के हिसाब से रॉ मटेरियल का रेट लगाने की मांग की, जिस पर बीएसपी अधिकारियों ने उद्योगपतियों को आस्वस्त किया कि इस समस्या का जल्द निराकरण निकाल लेंगे। उद्योगपतियों ने डीपी एक्सटेंशन देने का भी फैसला किया।

# झोपड़ी में रहने वाली महिला का हालचाल जाना कलेक्टर ने पीएम आवास का लाभ दिलाने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोरिद एवं कुसुमटोला में पहुँचकर जल संसाधन विभाग द्वारा बांध निर्माण के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

- डौंडी विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा

श्री चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता से बाँध निर्माण हेतु प्रस्तावित कार्य के प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के पश्चात निर्धारित स्थल पर बाँध के लिए बजट में शामिल करने के लिए प्रस्तावित किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को इसके संबंध में समय-सीमा बैठक में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम कुसुमटोला में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित बाँध का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्राम कुसुमटोला में बाँध के निरीक्षण के पश्चात वापसी के समय झोपड़ी में निवासरत महिला के पास पहुँचकर उनका हाल-चाल जाना। ग्रामीण महिला से संवेदनशीलता के साथ बातचीत कर उनके रहने के लिए आवास आदि के संबंध में जानकारी ली। महिला द्वारा निवास के लिए पक्का आवास नहीं होने की जानकारी देने पर उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से नियमानुसार लाभांवित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को इस महिला के लिए आवास योजना की स्वीकृति की कार्रवाई प्रतीक्षा सूची के परीक्षण के उपरांत तत्काल करने के निर्देश दिए।



### अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्राम अवारी में ठोस एवं अपशिष्ठ तरल प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण कर वहाँ निर्मित शेड के संबंध में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्राम अवारी में स्थित 16 एकड़ में फैले आम्रकुंज का भी अवलोकन किया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पौधों की सिंचाई हेतु पानी की समुचित व्यवस्था एवं बगीचे के अंदर शेड निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### राज्य शिक्षा स्थायी समिति के सदस्य बने डा. वासुदेव



**डौंडीलोहारा**। समीपस्थ ग्राम भंडेरा निवासी डॉ. वासुदेव साहसी पिता टी .एस.साहसी छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में प्रध्यापक के पद पर कार्यरत को राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ प्राथमिक, मिडिल ,तथा माध्यमिक शिक्षा पाठ्य पुस्तकों संबंधी व्यवस्था 1974 के नियम तीन के उप नियम दो के खंड एक तथा दो के अपबंधों के अधीन राज्य शिक्षा स्थायी समिति में 3 वर्षों के लिए सदस्य नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज, परिजन व सहयोगियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है ।

# चोर स्टेशन के पास पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मोहन नगर स्टेशन के पास से एक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

थाना अंडा क्षेत्र से 2 किमी दूर नहर नाली के पास 28 मई को अज्ञात चोर व्दारा चोरी की गई थी। अंडा निवासी गीतांजली जोशी पति कमलेश जोशी उम्र 27 वर्ष जंजगिरी रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 नग सोने का आयरिंग 30,000 रुपए, 1 नग चांदी की अंगूठी 1000 रुपए तथा पोको कंपनी का मोबाइल 5000 रुपए सभी पुरानी इस्तेमाली जुमला कीमत 36 हजार की चोरी हो गई है। थाना प्रभारी अंडा श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन में विवेचक एएसआई सुंदर लाल नेताम को बताया कि गत रात्रि 10 बजे खाना खाकर वह पति कमलेश जोशी के साथ मकान के उपर छत में खाट बिछाकर सो गए थे। रात्रि करीबन 3 बजे अचानक शरीर में हाथ लगने का एहसास हुआ, तब मेरी नींद खुल गइ। पति को उठाया तो पता चला कि कान में पहने सोने के एक इयररिंग ▶▶| शेष पेज 08 पर



### राजस्व विभाग में भर्ती मान्य-अमान्य सूची जारी

**बालोद**। राजस्व विभाग जिला बालोद में सहायक ग्रेड 03, स्टेनोटायपिस्ट, वाहन चालक, भृत्य, अर्दली, चौकीदार, फर्राश, प्रोसेस सर्वर के रिक्त पदों की सीधी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जारी की सूची के संबंध में प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात मान्य-अमान्य सूची जारी कर दी गई है। निराकरण सूची के संबंध में 7 दिवस के भीतर आवेदक जिला कार्यालय बालोद के कक्ष क्रमांक 48 में आवश्यक दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। राजस्व विभाग की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों में से पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन करते हुए प्रकाशित सूची में ▶▶| शेष पेज 08 पर


पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बालोद**। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। महिला एवं बाल विकास के अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत भारत के असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल किए जाने पर प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को भारत शासन द्वारा बाल वीर दिवस घोषित किया गया है। जिसके अंतर्गत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु उक्त क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का ऑनलाइन वेबसाइट अर्वाड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जा सकता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आवेदन करने के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। जिसके ▶▶| शेष पेज 08 पर



संजीवनी
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर-डे



आज वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे है। ब्रेन ट्यूमर से जुड़ी ऐसी कई बातें जिसे लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति रहती है। जैसे हर ब्रेन ट्यूमर कैंसरस होता है, मैं मोबाइल फोन सिर के पास रखकर सोता हैं क्या मुझे ब्रेन ट्यूमर या कैंसर हो सकता है, युवाओं को ब्रेन कैंसर नहीं होता। इस मौके पर जानते हैं ऐसे ही कुछ भ्रम और उसकी हकीकत के बारे में...

1) भ्रम: सिरदर्द होना ही ट्यूमर का लक्षण नहीं है।
सच: सिरदर्द होना आम बात है लेकिन जब ये लगातार हो और सुबह की नींद भी तेज सिरदर्द के कारण खुले तो अलर्ट होने की जरूरत है। ऐसा होने पर न्यूरोलॉजिस्ट की सलाह लेना बेहद जरूरी है ताकि इसे बढ़ने से रोका जा सके।

2) भ्रम : सभी ब्रेन ट्यूमर के रोगियों में एक जैसे ही लक्षण दिखते हैं।
सच : सभी मामलों में ऐसा संभव नहीं है। ट्यूमर की स्टेज के आधार पर लक्षण बदल भी सकते हैं। ब्रेन ट्यूमर के कारण नर्वस सिस्टम की कार्यशैली कितनी प्रभावित होगी यह इसपर निर्भर करता है कि कैंसर कितनी तेजी से विकसित हो रहा है और किस स्थान पर स्थित है। ब्रेन ट्यूमर उसके आकार और स्थिति के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं।

3) भ्रम: मैं युवा हूं मुझे ब्रेन ट्यूमर नहीं हो सकता।
सच: ब्रेन ट्यूमर हो सकता है या नहीं, इसमें उम्र का कोई रोल नहीं होता। नवजात और युवाओं दोनों में ब्रेन ट्यूमर के मामले देखे गए हैं। हालांकि दोनों में ट्यूमर के अलग-अलग प्रकार देखे गए हैं। युवाओं को इसके रिस्क फैक्टर्स से बचना चाहिए। खासकर फोन का इस्तेमाल लिमिटेड करें ताकि रेडियोफ्रिक्वेंसी से बचा जा सके।

4) भ्रम : मैं मोबाइल फोन सिर के पास रखकर सोता हैं क्या मुझे ब्रेन ट्यूमर या कैंसर हो सकता है?
सच : सेलफोन से निकलने वाली रेडियोफ्रिक्वेंसी एनर्जी के कारण ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ जाता है। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि लंबे समय तक नियमित रूप से सेलफोन का इस्तेमाल ब्रेन ट्यूमर का एक रिस्क फैक्टर है, तो कुछ अध्ययनों से यह भी पता चला कि रेडियोफ्रीक्वेंसी एनर्जी के एक्सपोजर और ब्रेन ट्यूमर में कोई संबंध नहीं है। लेकिन अधिकतर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल से निकलने वाले रेडिएशन बच्चों में ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ाते हैं।

5) भ्रम: क्या हर ट्यूमर कैंसरस होता है?
सच: नहीं, हर ट्यूमर कैंसरस नहीं होता है। ब्रेन ट्यूमर दो प्रकार के होते हैं- कैंसर रहित और कैंसर युक्त। कैंसरयुक्त ट्यूमर को भी उसके विकसित होने के तरीके के आधार पर दो श्रेणियों में बांटा जाता है। जो ट्यूमर सीधे मस्तिष्क में विकसित होते हैं उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहते हैं और जो शरीर के दूसरे भाग से मस्तिष्क में फैल जाते हैं उन्हें सेकंडरी या मेटास्टैटिक ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर के कारण नर्वस सिस्टम की कार्यशैली कितनी प्रभावित होगी यह इसपरनिर्भर करता है कि कैंसर कितनी तेजी से विकसित हो रहा है और किस स्थान पर स्थित है।

आयुष्मान भारत के तहत फ्री ईलाज।
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
आपातकालीन हाइटेक ट्रामा सेंटर एक्सीडेन्टल केस के लिए
कैंसर का ईलाज हम हैं आपके साथ
निःशुल्क कैंसर ऑपरेशन, कीमोथैरेपी


डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

हाइटेक ICU & CCU
अनुभवी मेडिकल स्टॉफ
एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध।
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07744-299988
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
82699-24365 | 88279-24365

**खबर संक्षेप**



## मुलाकात की

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टॉक ने कांकेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से विजयी उम्मीदवार भोजराज नाग से मुलाकात कर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में कांकेर लोकसभा क्षेत्र विकास के नए आयाम गढ़ेगा।

## राज्यपाल से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से रायपुर के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले श्री अग्रवाल ने राजधानी स्थित दूधाधारी मठ पहुंच कर प्रभु श्री राम-माता जानकी और भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की। श्री अग्रवाल ने महंत रामसुंदर दास से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। श्री अग्रवाल ने रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी से भी उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

## मोतीलाल, भूलन सिंह रोगी पशु कल्याण समिति के सदस्य मनोनीत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू एवं प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी को राज्यस्तरीय पशु चिकित्सालय रायपुर के रोगी पशु कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया है। यह समिति पशुधन के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करती है। इसका उद्देश्य पशुधन को उसका सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने का हक प्रदान करना है।

## आदर्श आचार संहिता हटी

**रायपुर।** देशभर में लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद अब लोकतंत्र का महापर्व का कार्यक्रम पूरा हो गया है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता 83 दिनों बाद हट गई। भारत चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्रभावशील आदर्श आचार संहिता को समाप्त करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। भारतीय चुनाव आयोग ने 16 मार्च को आचार संहिता के नए नियमों का ऐलान किया था। चुनाव प्रक्रिया में न्यायपूर्णता, निष्पक्षता और समानता को सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से आचार संहिता लागू की गई थी, जो अब समाप्त कर दी गई है।

## शिकसा का शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी शिकसा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तर पर नये प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व शिक्षक साथियों को सम्मानित करने के लिये आयोजन शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 2024 का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में 12 जून को सुबह 10 बजे से वृन्दावन हाल सिविल लाइन रायपुर में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, रविशंकर शुक्ल विवि पूर्व संचालक डॉ. प्रकाश ठाकुर, उच्च शिक्षा व साहित्य संस्कृतिविद आचार्य व पूर्व प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम उपस्थित रहेंगे।

## पृथ्वी की सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरीः बघेल

**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद विजय बघेल ने कहा है कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए, पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाते रहेंगे तो प्रकृति के प्रकोप से हम बच नहीं सकेंगे। सांसद श्री बघेल ने यहां अपने कार्यकर्ताओं समर्थकों औऱ आम लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अपने घर के आंगन में एक पेड़ जरूर रोपने का आह्वान किया।

### धर्म-कर्म: वट वृक्ष की पूजा- अर्चना की, सावित्री सत्यावान की कथा सुनी

# सुहागिनों ने रखा वट सावित्री पर निर्जला व्रत पति की दीर्घायु के साथ मांगी घर की समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

नगर में गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने कांग्रेस भवन के पास स्थित बरगद के वृक्ष सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित वट वृक्ष का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। मान्यता है कि इस दिन माता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस ले आए थे। महिलाओं के लिए ये व्रत बेहद ही फलदायी माना जाता है। इस दिन सुहागन महिलाएं पूरा श्रृंगार कर बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। वट वृक्ष की जड़ में भगवान ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों, पत्तियों में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। महिलाएं इस दिन यम देवता की भी पूजा करती हैं। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पति के दीर्घायु होने साथ समृद्धि की भी कामना की।

अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रखा जाता है। धार्मिक मान्यता अनुसार जो व्रती सच्चे मन से इस व्रत को करती हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने के साथ उनके पति को लंबी आयु प्राप्त होती है। महिलाओं ने पूजन के लिए माता सावित्री की मूर्ति, बांस का पंखा, बरगद पेड़, लाल धागा, कलश, मिट्टी का दीपक, मौसमी फल, पूजा के लिए लाल कपड़े, सिंदूर-कुमकुम और रोली, चढ़ावे के लिए पकवान, अक्षत, हल्दी, सोलह श्रृंगार व पीतल का पात्र जल अभिषेक के लिए रखते हुए पूरे भक्तिभाव से पूजन अर्चन किया। साथ ही साथ वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए लाल पीला धागा भी वट वृक्ष में बांधा गया। कनकलता वैष्णव ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता सावित्री अपने पति के प्राणों को यमराज से छुड़ाकर ले आई थीं। वट वृक्ष के नीचे ही अपने पति पुनर्जीवित किया था। ऐसे में इस व्रत का महिलाओं के बीच विशेष महत्व बताया जाता है। इस दिन वट बड़ बरगद) के पेड़ का पूजन किया जाता है। इस व्रत को स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगलकामना से करती हैं। स्वाति राजपूत, लक्ष्मी ठाकुर, उमा बाई सोनी ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन ही सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और श्रद्धा से यमराज द्वारा अपने मृत पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे। महिलाएं भी इसी संकल्प के साथ अपने पति की आयु और प्राण रक्षा के लिए व्रत रखकर पूरे विधि विधान से पूजा करती हैं, दिव्या देवांगन,प्रीति सोनी ,प्रतिभा सिन्हा, पूजा केसरिया,प्रिया केसरिया, ने बताया कि इस दिन व्रत रखने वाली महिलाएं वट कथा को जरूर सुनती हैं। जिसके बिना व्रत पूरा नहीं माना जाता है।



वट वृक्ष की परिक्रमा की

मान्यता है इस व्रत में बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन करने व व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पतिव्रत से पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। सुमन साहू,लीला ठाकुर,शकुंतला दुबे,माया यादव,ललिता यदु,सहित अनेकों महिलाओं ने विधिवत वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए पीले धागे बांधे व वहीं वृक्ष की छांव में बैठकर कथा भी सुनी।

# क्षेत्रीय पनिका मानिकपुरी समाज का हुआ बरसाती चौका आरती कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



ब्लॉक के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में गुरुवार को मंगचुवा परिक्षेत्रीय कोसरिया पनिका मानिकपुरी समाज द्वारा सतगुरु कबीर साहेब के शैलचित्र के साथ शोभा एवं कलश यात्रा निकालकर चौक, चौराहों, पूरे मोहल्ले में भ्रमण किया गया। रेंगाडबरी के तालाब से जल लेकर चौका आरती का आयोजन शुरू किया। नेमन कुमार साहू ने बताया कि मंगचुवा परिक्षेत्रीय के मानिकपुरी एवं कबीर पंथी समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित हुए। बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष वट सावित्री के दिन परिक्षेत्र मंगचुवा के हर गांव में बारी-बारी से मनाया जाता है। यह चौका आरती का कार्यक्रम रेंगाडबरी में तीसरी बार किया गया है। कार्यक्रम के सामाजिक स्तरीय अध्यक्ष घनश्याम दास, उपाध्यक्ष मुकुंद दास, कोषाध्यक्ष हीरामन दास, सचिव पुहुप दास एवं सामाजिक गण अरुणा मानिकपुरी, फुलेसर बाई मानिकपुरी, भूपेन्द्र दास, लोकिता, वेदिका, सुरजदास,सरोज, शीतल ,दया, सुकल, भानबाई, भग्गूदास आदि उपस्थित थे। शाम को कबीर पंथी एवं ग्रामवासियों को प्रसादी के रूप में भोजन भंडारा के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया।

# श्री हंस उद्यान खपरी मालीघोरी में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मानव धर्म के प्रणेता सतपाल महाराज की संस्था मानव उत्थान सेवा समिति एवं मानव सेवा दल जिला बालोद द्वारा श्री हंस उद्यान खपरी मालीघोरी में पौधारोपण कर सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाया गया। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधों को बचाने के लिए संकल्प लिया गया।

मानव उत्थान सेवा समिति शाखा खपरी के शाखा प्रधान एनआर कुलहरिया, बालोद शाखा के शाखा प्रधान सुखीत राम ठाकुर, मानव सेवा दल रायपुर मंडल के संयोजक शोभा चक्रधारी, जिला प्रमुख श्याम लाल निषाद, उप जिला प्रमुख नेतराम पटेल, जिला प्रशिक्षक अश्वनी कुमार सिन्हा, टोली नायक हरिवंश देशमुख, उपटोली नायक रीपा पटेल, विकेश साहू, चंपी ठाकुर, लिलेश्वरी देवांगन फतेश पटेल सहित मानव सेवा दल एवं मानव उत्थान सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य ने रोपे पौधे



**गुरुर।** ग्राम पंचायत कोचवाही में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत में निर्मित अमृत सरोवर तालाब मे ग्राम पंचायत द्वारा जामुन का पौधारोपण किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच भुनेश्वरी यादव, उपसरपंच तैय्यब अली,सचिव अंबिका कुंजाम, रोजगार सहायक परमेश्वर बजरंग, गांव के वरिष्ठ नागरिक रोहित यादव, पंच फूलचंद भुआर्य, सेवती राणा, मनसुखा घरत, त्रिवेणी घरत, सुरेखा उईके, देवकी मंडावी, गुणेश्वरी सिन्हा, कुश राम नेताम, मेट हरेश राणा, अश्वनी यादव, रुपचंद नेहरु, ऋतू सिन्हा, सेखिन सिन्हा, अनिता, देविका सिन्हा, सोनाली, तोरण, नागेश सिन्हा, हरिश्चंद्र घरत उपस्थित थे।

## भागवत कथा...



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा क्षेत्र में चल रहे श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने पहुंची। उन्होंने भागवताचार्य से आशीर्वाद लिया एवं भगवान श्री कृष्ण की सेवा की। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू भी मौजूद रहीं।

# मोदी की गारंटी और साय सरकार की योजना से 10 सीटों पर मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिल कर पूरे प्रदेश में लोकसभा की ऐतिहासिक 10 सीट में जीत की बधाई देने डौन्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के राज परिवार स्व. लाल महेंद्र सिंह टेकाम के पुत्र युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन,युवा नेता जयदीप गुप्ता, युवा नेता निखिल शर्मा पहुँचे। क्षेत्र के ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओ ने बताया कि डौन्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के राजपरिवार के युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार क्षेत्र के गांव गांव में दौरा करके आदिवासी समाज के लोगों के साथ बैठक करके लोगों को मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं को अंतिम लोगो तक पहुंचने का काम निरंतर किया है। जिसका परिणाम स्वरूप कांकेर लोकसभा में भोजराज नाग को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

■ महतारी वंदन योजना का मिला लाभ : निवेंद्र

# कांकेर लोकसभा से भोजराज की जीत पर भाजपा ने मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय भाजपा मंडल द्वारा कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के विजयी होने पर जमकर खुशियां मनाई गईं। हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी की एवं मिठाई बांट कर एक दूसरे को बधाई दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डौंडीलोहारा मंडल से भाजपा प्रत्याशी की जीत में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के कुशल नेतृत्व में मंडल के 122 बूथों में सम्पन्न चुनावो में सफलता मिली है। साथ ही प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर के कुशल राजनीतिक कौशल से भाजपा प्रत्याशी को यह बढ़त प्राप्त हुई है। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने बताया कि जिला कोषाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी दिलीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन से डौंडीलोहारा मंडल क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस पर बढ़त प्राप्त की है। उन्होंने डौंडीलोहारा मंडल क्षेत्र में भाजपा की इस बढ़त के लिए जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जयसवाल,जिला मंत्री जयेश ठाकुर, जिला कार्यकारणी सदस्य जसराज शर्मा सहित सभी जिला पदाधिकारियों की सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया है।

■ जमकर की गई आतिशबाजी, बांटे मिष्ठान



श्री सिन्हा ने कहा कि डौंडी लोहारा मंडल के सभी बूथों में पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति कर भाजपा प्रत्याशी के प्रचार को ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पंहुचा कर भाजपा के पक्ष में ज्यादा मतदान कराने में सफलता प्राप्त किया है। जिसके कारण ही विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा मंडल डौंडीलोहारा में लगभग 10 हजार वोटो से हुई हार के गड्ढे को पाटते हुए लगभग 1000 वोटो से मंडल के 122 बूथों मे से 65 बूथों में बढ़त बनाकर यह सफलता प्राप्त किया है।

### सभी बूथों में मिली बढ़त

मंडल के ग्राम चिल्हाटीकला, डौंडी लोहारा ,संबलपुर, अंडी, भेडी (लो), बड़गांव , खरथुली, दुधली. डारागांव , कोरगुड़ा , बटेरा , जोगीभाट , रेगाडबरी मंगचुवा भवरमरा, बगई कोन्हा . धनगांव , उरेटा , गुरामी, कोचेरा , खपरी, संजारी खेरथा , कापसी, कोसमी तथा ग्राम राणाखुज्जी,बडाजुगेरा,केरीजुगेरा ,माटरी,अरजपुरी, सिवनी ,भालुकोन्हा के सभी बूथों के भाजपा ने बढ़त प्राप्त किया है।

## रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**भिलाई।** नगर पालिका निगम में जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, राजस्व अधिकारी सहित लंबे समय से रिक्त पदों को बहुत ही जल्द भरा जाएगा। आज नगर निगम आयुक्त ने सभी रिक्त पदों के लिए छत्तीसगढ़ शासन के सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र भेजकर जल्द रिक्त पदों को भरने की स्वीकृति मांगी है। नगर निगम में कल आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने निगम भिलाई में कई प्रमुख पदों पर नियुक्ति न किए जाने से काम में हो रहे अवरोध को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त को शीघ्र प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भेजने के लिए के निर्देश दिए थे नतीजतन आज इस आशय का मांग पत्र छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किया गया है।

# महीनों से दुर्घटना को दावत दे रहा पावरहाउस चौक का अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

व्यस्ततम पावरहाउस चौक पर नगर निगम भिलाई की सुस्ती वाहनचालकों पर भारी पड़ सकती है। अंडरब्रिज साइड में महीनों से व्याप्त अंधेरे के कारण आवागमन दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। यहां से रोज हजारों वाहनचालक गुजरते हैं। पावरहाउस चौक पर अंडरब्रिज शुरु होने के बाद से अंधेरा पसरा होता है। यहां अंडरब्रिज निर्माण के समय से स्ट्रीट लाइट के खंभे हटाए गए थे। लेकिन ब्रिज का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी स्ट्रीट लाइट पोल लगाकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था अब तक नहीं की गई है । क्षेत्रवासियों ने बताया कि अंडरब्रिज साइड में शाम छह बजे से ट्रैफिक बढ़ जाता है। अंधेरे के कारण आवागगम जोखिमपूर्ण बना रहता है। छिटपुट दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। चौक पर करीब दस हाईपावर लाइट की जरुरत है। अंधेरे के कारण चारों ओर से आने जाने वाले वाहनचालकों को सामने से आने वाले वाहन ठीक से दिखाई नहीं देते हैं।

# बीएसपी के एसएमएस 3 का सीवी-2 कॉम्बी-कास्टर शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपनी मोडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शाप 3 (एसएमएस–3) में सीवी 2 कॉम्बी–कास्टर के नियमित उत्पादन के शुरु होने से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिति मे उद्घाटन किया।

श्री दासगुप्ता ने एसएमएस–3 की टीम को भविष्य में भी संयंत्र के लिए वांछित उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सीवी–2 कम्बी–कास्टर का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। 8 जून 2023 को मूलतः बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किए गए कास्टर सीवी 2 को फिनिशिंग मिलों द्वारा बिलेट्स और ब्लूम्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए काम्बी–कास्टर में परिवर्तित किया गया। रूपांतरण परियोजना को सफल बनाने में भूमिका निभाने वाले मुख्य महाप्रबंधक राजीव कुमार श्रीवास्तव, एम के गुप्ता और महाप्रबंधक जेरी निनान के साथ स्टील जोन टीम भी उपस्थित थी।

## पेज 7 के शेष

### चोर स्टेशन ...

एवं उंगली में पहनी चांदी की अंगूठी खाट में रखा एक मोबाइल पोको कंपनी का जिसकी **IMEI No** 860801063825327, 860801063825335 को कोई अज्ञात चोर द्वारा घर दिवाल को फांदकर अंदर प्रवेश कर ले गया है। पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि कायम किया। पुलिस ने बताया कि 7 जून को पेट्रोलिंग के दौरान मनीष उर्फ सागर यादव पिता दिलीप यादव दिगम्बर जैन मंदिर के पास दीपक नगर मोहन नगर थाना रेलवे स्टेशन में संदिग्ध व्यवस्था में पकड़ा गया। थाने में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। अंडा पुलिस व्दारा रिमांड में लेकर न्यायालय में पेश करके दुर्ग केंद्रीय जेल भेजा गया है।

### राजस्व विभाग में ...

आवेदकों के नाम, जाति, जन्मतिथि, निवास, लिंग, शैक्षणिक योग्यता अथवा अन्य योग्यता संबंधी जानकारी में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर आवेदकों से 27 जुलाई से 5 अगस्त 2023 तक प्रस्तुत करने हेतु प्रकाशन किया गया था। दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात मान्य एवं अमान्य सूची जिले की वेबसाइट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अपलोड कर दी गई है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार ...

अंतर्गत आवेदक बालक को भारतीय नागरिक व भारत का निवासी होना अनिवार्य है। इसके अलावा संबंधित वर्ष के 31 जुलाई तक बालक की आयु 5 से 18 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके साथ ही बालक के असाधारण उत्कृष्ट कार्य, घटना, उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई से विगत 2 वर्ष के अंतर्गत होना अनिवार्य है।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

**खबर संक्षेप**

## ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना यथावत रखने राज्य जीएसटी आयुक्त बंसल को ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव के नेतृत्व में राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ई-वे बिल की पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने ज्ञापन सौंपा। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए जा रहे विभिन्न नोटिसों पर स्वतः रोक लगाने आग्रह किया। इस दौरान प्रदेशभर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सौंपी गई। राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि इस संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने चैंबर के प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार जितेंद्र दोशी, अमर गिदवानी, परमानंद जैन, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, जयराम कुकरेजा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## सड़क दुर्घटना का शिकार होकर रोज मर रहे हैं पशु

**रायपुर।** रोज राष्ट्रीय राजमार्गों पर मंडराते हुए पशुधन सड़क दुर्घटना के शिकार होकर मर रहे हैं। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी और उनकी टीम गो-सेवा के कार्यों में सदैव सक्रिय रहती है, उनकी भी योजना गो-वंश को बचाने के लिए बढ़िया एनजीओ शासन-प्रशासन के सहयोग से स्थापित करने की है। इस मौके पर डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के अधीन पशुधन विकास विभाग का पोर्टफोलियो वर्तमान में है और विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य में खुले में घूमते हुए घुमंतू पशुओं के लिए गो-अभयारण बनाए जाने की घोषणा हुई है। अभी तक अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश में तीन अंकों वाले एक फोन कॉल पर पशुओं के लिए रेस्क्यू व्हीकल दुर्घटना स्थल पर पहुंचने की व्यवस्था नहीं बन सकी है।

**लापरवाही:** डामरीकृत सड़क व नाली के बीच लगाई गई चेकर टाइल्स टूटी व दबी


# राष्ट्रीय राजमार्ग 930 में हुए निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, बारिश होते ही बढ़ जाएगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत सड़क निर्माण कार्य में कुसुमकसा के मुख्य मार्ग में डामरीकृत सड़क व निर्मित नाली के बीच लगाई गई चेकर टाइल्स फिटिंग के कुछ दिनों में ही दबने व टूटने लगी है। जिसको लेकर ग्रामीण चेकर टाइल्स की गुणवत्ता पर सवाल उठाने लगे हैं। लापरवाही के कारण उत्पन्न समस्या से कई बार अवगत कराने के बावजूद अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

■ शिकायत के बावजूद अफसर नहीं दे रहे ध्यान

ग्रामीणों ने बताया की चेकर टाइल्स को फिटिंग करने के पहले उस जगह पर बिना बेस किए मिट्टी के ऊपर रेती डालकर लगा दिया गया। राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारी निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता व निर्धारित मापदंड के अनुरूप कार्य हो रहा है कि नही निरीक्षण करने भी नहीं पहुंच रहे। जिससे लगता है की निर्माण एजेंसी को मनमाफिक कार्य करने की राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने खुली छूट दे दी है। लगाई गई चेकर टाइल्स अभी से टूटने व दबने लगी है, जिसको देखकर लगता है की आने वाले दिनों में उक्त मार्ग में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बस स्टैण्ड चौक की मुख्य सड़क के किनारे दो नालियों के बीच में डाला गया पाइप, पुलिया निर्मित नाली से नीचे होने से एक तरफ के नाली से पानी पाइप पुलिया में आएगा। वही पाइप पुलिया में आया पानी दूसरे तरफ की नाली ऊपर होने से पानी पाइप पुलिया में ही जमा रहेगा, जिससे पानी प्रदूषित होने से बदबू व मच्छर पनपेगा। किंतु इसको लेकर ना तो राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी गंभीर है और ना ही निर्माण एजेंसी। कुसुमकसा के पुराने वनोपज जांच नाका के पास बना पुल पर लगाई गई चेकर टाइल्स सहित सड़क दबने लगी है। निर्मित पुल के नीचे गहराई होने व ग्राम पंचायत द्वारा पानी निकासी के लिए पूर्व में बनाई गई नाली की ऊंचाई अधिक होने से नीचे पानी का जमावड़ा रहता है। निर्माणाधीन पुल के समय ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को अवगत कराया था कि यहां खेतों का पानी अत्यधिक आता है। पुल में आया पानी ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए नाली के माध्यम से आगे निकलता है। ग्रामीणों की बातों को व ग्राम पंचायत की नाली की ऊंचाई को दरकिनार कर पुल के नीचे की गहराई ज्यादा होने से पानी भरा रहता है। बरसात के दिनों में पूल के आसपास निवास करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।





**मापदंडों के अनुरूप हो काम**

ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के तहत निर्माणाधीन सड़क में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते हो रहे गुणवत्ताहीन कार्यों पर अंकुश लगाकर शासकीय मापदंड के अनुरूप सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# बारिश से पहले उर्वरकों का उठाव करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरीफ वर्ष 2024 प्रारंभ हो गया है तथा सप्ताहभर में मानसून दस्तक देने की संभावना है। अधिकतर किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन खेत की जुताई आरंभ कर दी है तथा कुछ ही दिनों में खेत की तैयारी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा जो लगभग जून तक पूर्ण हो जाता है। जिले के किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी समितियों के माध्यम से उर्वरक तथा बीज का वितरण किया जा रहा है।


गत वर्ष खरीफ 2023 में माह मई के अंत तक 51108 मी.टन उर्वरक का भण्डारण तथा 36274 मी. टन का वितरण हुआ है। गतवर्ष की तुलना में भण्डारण एवं वितरण कम है। गत वर्ष की तुलना में उर्वरक डीएपी का भण्डारण मई के अंत तक 5446 मी.टन कम भण्डारण हुआ है। खेत की तैयारी में किसानों द्वारा मुख्यतः उर्वरक डीएपी का उपयोग किया जाता है। अतः जिन कृषको को डीएपी उपलब्ध नहीं हो पाया है। वे डीएपी के स्थान पर एनपीके 12:32:16 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग विकल्प के रूप में उपयोग कर सकते हैं। संचालक अनुसंधन सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में व्यवस्था सुझाई गई है, जिसके अनुसार सिंगल सुपर फास्फेट उर्वक 16 प्रतिशत फास्फोरस एक बोरी डीएपी से मिलने वाले तत्वों की पूर्ति हेतु लगभग आधी बोरी यूरिया तथा तीन बोरी सिंह सुपर फास्फेट का प्रयोग कर सकते है। मिश्रित उर्वरक यथा इफको 12:32:16 ग्रोमोर 26:28:0 तथा अन्य फास्फोरस युक्त मिश्रित उर्वरक का भी उपयोग किया जा सकता है। मृदा में उपस्थित स्फूर की उपलब्धता में वृद्धि करने स्फूर धुलनकारी जैव उर्वरक यथा पीएसबी का प्रयोग लाभकारी होगा। विभाग ने कहा है कि जिले में किसानों से आग्रह किया जाता है कि खेतों की तैयारी हेतु मानसून पूर्व आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों का उठाव तत्काल पूर्ण करें।




# पार्षद ने कराई काशीबन तालाब की सफाई

**बालोद।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में स्थित काशीबन तालाब जो कचरे के ढेर से पट चुका था, इसकी सफाई के लिए वार्डवासियों ने पार्षद को सूचित किया। इसके बाद शुक्रवार को सुबह वार्ड पार्षद सुनील मालेकर ने जेसीबी की मदद से तालाब के एक कोने जहां सबसे ज्यादा गंदगी और कचरा जमा था उस जगह की सफाई कराई।

विदित हो कि पाण्डेपारा के वार्ड क्रमांक 5, 6, 7 तथा जवाहर पारा सहित आसपास के अन्य वार्डवासी इसी काशीबन तालाब का निस्तारी के लिए उपयोग करते हैं। लंबे से तालाब की सफाई नहीं होने के कारण वार्ड क्रमांक 7 के वार्डवासियों ने पार्षद से शिकायत करते रहें, वहीं हरिभूमि ने भी इस तलाब की सफाई को लेकर लगातार खबरें प्रकाशित की, यही वजह है कि शुक्रवार को पार्षद सुनील ने खुद उपस्थित होकर तालाब की सफाई कराने में जुटे रहे। पार्षद सुनील मालेकर ने कहा कि पाण्डेपारा में स्थित शिव मंदिर के ठीक पीछे यह तालाब है, मंदिर में आने वाले भक्तों को पूजा की सामाग्री का विसर्जन या अन्य तरह के कार्य करने के लिए रेम्प बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले साल में तालाब के पानी को सुखाकर पूरी तरह से सफाई अभियान चलाया जाएगा।



# धोबी समाज का महाधिवेशन कल, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ धोबी समाज का 9 जून को बोईर दादर चौक ईडन गार्डन रायगढ़ में होने वाले महाधिवेशन की तैयारी जोरों पर है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर आज राजधानी से रायगढ़ पहुंचे और क्षेत्रीय विधायक वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौंजन्य मुलाकात की तथा जिला प्रशासन से सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य विषयों पर जानकारी ली।

उन्होंने श्री चौधरी के केलाबाड़ी में समाज के वास्तविक आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। श्री चौधरी ने कहा- कि हम अन्य समाज की तरह धोबी समाज के समस्याओं के संबंध में भी गंभीर है और हम आप सबसे सहयोग चाहते हैं और जानकारी लेकर समाज के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने समाज के आयोजन में पहुंचने की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन, भागीरथी बरैठ, प्रवक्ता साहेब लाल बरेठ, संजीत कुमार, फलेश्वर, ग्रामीण अध्यक्ष नंदकुमार, रामचरण, संतराम बरेट, बिहारी लाल बरेट सहित अनेक सामाजिक पदाधिकारी को जिम्मेदारी पृथक-पृथक सौंप कर अतिथियों के अभिनंदन में कोई कमी नहीं आने देने की लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नवनिर्वाचित सांसद का भी अभिनंदन श्री रामचंद्र बरेठ के साथ होना चाहिए। समाज के प्रदेश महासचिव बजरंगी छाटा संगठन मंत्री जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर ने बताया- इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, समाज के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसीराम कौशिक, पिछड़ा वर्ग नेता बालक राम पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल सहित सभी परीक्षेत्रीय अध्यक्ष को सम्मान करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में दुर्ग जिले के अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर के नेतृत्व में विवाह योग्य बेटा-बेटियों को साथ लेकर समाजजन सामाजिक बस से संतरा बाड़ी दुर्गसे रवाना होंगे इसकेअलावा राज्य के हर जिलों से मुखिया विवाह योग्य बेटा बेटी को परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए लेकर जाएंगे और परिचय दिलवाएंगे। अगर रिश्ते होते हैं तो कार्यक्रम स्थल पर ही चट मंगनी पट बिहाव के तर्ज पर आदर्श विवाह करवाएंगे।



**तृतीय पुण्यतिथि**
**08.06.2024**



**स्व. जमना देवी यादव**
**धर्मपत्नी स्व. दाऊ रामकुमार यादव**
जन्म - 07.03.1944 / स्वर्गवास - 08.06.2021

**शोकाकुल**
मुकेश-पूर्णिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधु),
राकेश-महिमा (पुत्र-पुत्रवधु)
मो. 6265090065, 9993236733
पूर्व प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ भाजपा व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बालोद
ओमिता यादव (पुत्री), राजेश-विनीता यादव (पुत्र-पुत्रवधु),
अद्वितीय यादव (पौत्री), आर्यमन, शिवांग, शशांक, अभिन्न, कनिष्क,
ऐशान (पौत्र), प्रेक्षा, सुहानी, प्रकृति (पौत्री)

**"माँ"**

आँखें खोली पृथ्वी पर दिवस था चैत्र नवरात्र सप्तमी 7 मार्च सन 1944 जनक ने माना जिव्हा में
सरस्वती पैरो में लक्ष्मी 29 फरवरी सन 1960 मे दाऊ श्री रामकुमार यादव महासागर में शहद
आपने मिलायी, अभाव को आशाभाव से भर दिया जीवन मंच पर मुस्कुराहट का गहना पहन
सहनशीलता की चुनरी ओढ़ परिवार की सारी रस्में निभाई, हमारे बचपन को कहानियों की
लड़ियों में पिरोती मनपसंद व्यंजन बगिया के झूले पे एक-एक कौर पर एक - एक लोरी होती,
जीवन की डगर को सवारती
घर संसार को निखारती
जोड़ को महाजोड़ से जोड़ती
उमस को शीतलता में बदलती
नौनिहालों के बचपन को दुलारती
अपने धैर्य से हमारी नजरे उतारती
हरेली, पोला, कमरछट दीवाली करवाचौथ, संकटचौथ के रंग-बिरंगे फूलों से आँगन की
रंगोली सजाती, चंदन सा महकाती, हमारे वस्त्र विन्यास की श्रृंखला बनाती, मुखमंडल की
तेजस्विता देख सूरज नमन करता रोज व्यक्तित्व की शीतलता देख चन्द्रमा अर्क देता रोज
पुरखों ने पहनाया कर्तव्यनिष्ठ कुलवधू का ताज बालोद यादव घराने में आशीर्वाद का तोरण
बाँधकर सोलह श्रृंगार कर वटसावित्री की डोली में 8 जून सन 2021 को बैठ सदासुहागन का
अनवरत मंत्र जाप करती अन्तिम बिदाई में भी केश लहर गये जैसे कुछ अनकही कह रही हो,
दीवारों पर लगी बिन्दियां याद दिलाती, साथ बीते पलों की जो बातें रह गयी अधूरी
जो इस जन्म में न होगी पूरी, "माँ" तुम्हारी आहट सुनने को ओमिता तरसती है
काश कोई ऐसा तीर्थस्थल होता "माँ" जहाँ हम मिल लेते

**माँ शत्-शत् नमन...**

**- शोक संतप्त -**
मुकेश यादव (पुत्र),
श्रीमती किरण योगेश यादव (बहु)
अजय कुमार यादव (भतीजा), नितिन यादव (भतीजा),
प्रवीण यादव (भाई), धर्मधुरंधर यादव (पौत्र)

## खबर संक्षेप

### रेस्टोरेंट में लगी आग मशक्कत के बाद काबू में

**भिलाई।** अचानक जुनवानी स्थित रेस्टोरेंट पर आगजनी की घटना हो गई। सूचना पर पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रेस्टोरेंट में आगजनी से कितने ल नुकसान हुआ है इसका आकलन नही लगाया गया है। आगजनी इतनी भयंकर थी कि रेस्टोरेंट से दुसरी तरफ दुकान को ओर बढ़ रहा था। समय रहते दमकल वाहन मौके पर पहुची और आग को काबू किया। जिससे बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की नुकसान नही हो पाई। आगजनी का कारण अज्ञात है। बुझाने में अग्निशमन कर्मी विजय चतुर्वेदी,मनोज सोनवानी, कुंजेश देशमुख, युवराज साहु मौजूद थे।

### अवैध प्लाटिंग रोकने आयुक्त ने बनाई टीम

**भिलाई।** निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। इसमें और गति लाने के लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने एक संयुक्त टीम का गठन किया है। जिसमें भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, एवं शहबाज अहमद, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, सर्वेयर जगमोहन वर्मा सर सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक शेखर, सभी संबंधित जोन के जोन आयुक्त से संपर्क करके कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग, समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई करेंगे।

### पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जो आवारा पशु रोड में, मार्केट में, मुख्य सड़को पर या अन्य सार्वजनिक स्थल पर घुमते हुए पाये जा रहे है उसे नगर निगम भिलाई के आवारा पशु पकड़ने वाले दल द्वारा पकड़कर गौठान में लाकर रखा जा रहा है। इसी तारत्मय में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत निदान 1100 में प्राप्त शिकायतो के आधार पर आवारा सांड एवं पशुओ को पकड़ करके गौठान में लाया गया। निगम भिलाई द्वारा बार बार समझाईस देने एवं चालानी कार्रवाई की गई।

### विवाद के बाद पत्नी की हत्या की

**भिलाई।** नेवई पुलिस ने बताया कि गुरुवार को दल्ली राजहरा निवासी साइमन मसीह सुबह ट्रेन से अपनी पत्नी प्रेरणा मसीह और बच्चे को लेने ससुराल पहुंचा था। पत्नी से घर वापस चलने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि अचानक आरोपी साइमन ने पत्नी प्रेरणा पर चाकू से वार कर दिया। इधर बेटी प्रेरणा की आवाज सुनकर जब पिता सैमुएल तांडी वहां पहुंचे और बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपी साइमन ने अपने ससुर पर भी चाकू से हमला कर दिया। घटना में प्रेरणा की मौके पर मौत हो गई। वहीं ससुर सैमुएल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी फरार है। साइमन मसीह और प्रेरणा मसीह दल्ली राजहरा में रहते थे। दोनों का बच्चा भी है। आरोपी साइमन कुछ काम धाम नहीं करता था। शराब के नशे में धुत रहता था। जिससे परेशान होकर उसकी पत्नी प्रेरणा अपने बच्चे को लेकर मायके मरोदा आ गई थी।

# गन्ने की कीमत बढ़ाने और बोनस देने की मांग पर अड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ द्वारा गन्ना किसानों को समर्थन मूल्य के अलावा 200 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग के साथ सात सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा गया। गन्ना उत्पादक किसान संघ ने मांग की है कि धान का रेट 3100 रुपये प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की घोषणा कर शासन द्वारा खरीदी की जा रही है, विधानसभा चुनाव के पूर्व भी गन्ना किसानों द्वारा गन्ना का समर्थन मूल्य के अलावा 200 या 250 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने की मांग एवं घोषणा पत्र में शामिल करने घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल को दिया गया था। गन्ना उत्पादक किसान संघ ने कहा उक्त विषय में प्रदेश गन्ना उत्पादक किसान ने भी मुख्यमंत्री से 26 दिसम्बर 23 एवं 23 मार्च 24 को मुलाकात कर गन्ना का रेट बढ़ाने का निवेदन किया था। गन्ना का रेट बढ़ाने के लिए कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से तथा वित्तमंत्री ओपी चौधरी सेएवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव से सभी से मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया गया था। गन्ना उत्पादक किसान संघ ने कहा धान का रेट बढ़ने से गन्ना की खेती घाटा की खेती रहेगी, इसलिए आप सभी से मुलाकात कर गन्ना का रेट बढ़ाने की मांग किये थे, लेकिन आप लोगों द्वारा सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं किया गया, इसलिए बालोद जिला गन्ना उत्पादक किसान एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर हमारी मांगों पर आपका ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, 20 दिवस की दी मोहलत



### मांग पूरी नहीं होने पर विरोध प्रर्शन को बाध्य

उक्त हमारी मांग समर्थन मूल्य के अलावा 200 या 250 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बोनस पेराई वर्ष 2023–24 से तत्काल प्रदान की जाए। क्योंकि 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से इसी वर्श से धान खरीदी हो चुकी है। हमारी मांग को कैबिनेट की बैठक बुलाकर तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। 15–20 दिवस के भीतर हमारी मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो किसान संघ धरना प्रदर्शन, रैली एवं चक्काजाम के लिए बाध्य हो जाएंगे।

## तेज रफ्तार और भारी वाहनों पर यातायात पुलिस है मेहरबान, तभी तो दौड़ रहे ऐसे वाहन

# शहर की व्यस्तम सड़क से गुजर रहे भारी भरकम वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक ओर जहां जिले में यातायात पुलिस वाहनों की चेकिंग अभियान चलाने का दावा करती है, तो वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस की उन दावों की पोल खुलते सड़कों पर खुलेआम देखा जा सकता है।

डौंडीलोहारा से राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर दो दिन पूर्व दादा कम्पनी की यात्री बस ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में चलते हुए सड़क किनारे चल रहे बाइक सवार को ठोकर मार दिया था, जिससे युवक घायल हो गया, जबकि यातायात पुलिस द्वारा तेज रफ्तार वाहनों के ड्राइवरों को चेतावनी देने के साथ कार्रवाई करने की बात भी कही जाती है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय में ही नगर के सदर रोड में सुबह से शाम तक भारी भरकर मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन ये वाहन यातायात पुलिस के सामने से ही प्रतिबंधित क्षेत्र में मालवाहक वाहन प्रवेश कर रहे हैं, जिसका खामियाजा छोटे वाहन चालकों व पैदल चल रहे लोगों को भुगतना पड़ता है।





यातायात पुलिस को जिला मुख्यालय की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है। कुछ शहरवासियों ने कहा कि अगर भारी भरकर मालवाहकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, तो उन नियमों का पालन भी कराना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन यातायात पुलिस के सुस्त रवैया के चलते वाहन चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। पाररास–पडकीभाट बायपास मार्ग में ग्राम बघमरा के पास स्थित रेलवे फाटक के पहले एक ओव्हरलोड ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को क्रॉस करने के दौरान फंस गया। बहुत मुश्किल से दोनों ही गाड़ियां एक दूसरे को क्रॉस की, इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

लगातार इस तरह की तस्वीरें सामने आने और तेज रफ्तार भारी भरकम वाहनों द्वारा दुर्घटना होने की खबर सामने आने के बाद भी यातायात पुलिस लापरवाह वाहन चालकों पर मेहरबान हैं। बालोद राजहरा मुख्य में लीड कॉलेज और कोतवाली थाना से लेकर शहर के नया बस स्टैंड तक ट्रक सहित अन्य बड़े गाड़ियां तेज रफ्तार से दौड़ रही है, जिस पर लगाम लगाना जरुरी है।

जबकि इसी बस स्टैंड से लेकर लीड कॉलेज तक सड़क में काफी भीड़ रहती है, क्योंकि इस मार्ग में जिले का सबसे बड़ा जिला अस्पताल, कोतवाली थाना, तांदुला जलाशय जाने का रास्ता, स्कूल, आईटीआई कॉलेज, कलेक्टर व एसपी का बंगला सहित कई बड़े जिला अधिकारियों के निवास इसी मार्ग के आसपास ही है वहीं कई अन्य विभाग भी इसी मार्ग के ईदगिर्द हैं, वहीं शहरवासी भी रहते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक लोगों का आना जाना लगा रहता है और ऐसे में तेज रफ्तार ट्रकों व अन्य वाहनों से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटने की संभावना रहती है।

# महिलाओं ने बरगद की पूजा कर मांगी पति की लंबी आयु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरुवार को सुहागिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखकर बरगद के पेड़ की पूजा की और अपने पति की लंबी आयु की कामना की। बरगद के वृक्ष की विधि विधान से पंडित द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान शहर में जगह जगह बरगद के पेड़ की पूजा करने सुहागिन महिलाओं की भीड़ देखने को मिली।

■ अंचल में पारंपरिक रूप से मनाया गया वट सावित्री पर्व

जानकारी के अनुसार वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। पूजा करा रहे पंडित ने कहा कि वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा की गई। वट वृक्ष की जड़ में जल डालने के बाद फूल–धूप और मिठाई से पूजा करने के बाद कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा की गई। सूत को तने पर लपेटते हुए 7 बार परिक्रमा की गई। हाथ में भीगा चना लेकर सावित्री सत्यवान की कथा सुनी गई। भीगा चना, कुछ धन और वस्त्र अपनी सास को देकर उनका आशीर्वाद लिया और वट वृक्ष की कोंपल खाकर उपवास समाप्त की गई।



### यह है व्रत की कथा

पूजा करने आई महिलाओं ने बताया कि यह व्रत अपने पति की लम्बी आयु के लिए रखती हैं। वहीं, धार्मिक मान्यता है कि जब एक बार यमराज सावित्री के पति को लेने आये तब वह यमराज के पीछे-पीछे चली गई और अपने पति को जीवन दान दिलाया। उसके बाद से यह प्रथा सदियों से चली आ रही है।

## महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत...



**डौंडीलोहारा।** नगर में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति के दीर्घायु होने की कामना लेकर उपवास रखा और वट वृक्ष की पूजा की।

# प्रशिक्षण शिविर का विरोध समग्र शिक्षक फेडरेशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भीषण गर्मी में लगाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के विरोध में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन बालोद के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी मरकले से मुलाकात की। प्रभारी जिलाध्यक्ष एलेन्द्र यादव ने बताया कि इस वर्ष लगातार शिक्षकों का आनलाइन व आफलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल रेडिनेश, समर कैंप, बालवाड़ी प्रशिक्षण, एफएलएन का आनलाइन व 12 जून से ऑफलाइन प्रशिक्षण का आदेश जारी हो चुका है, जबकि अभी प्रदेश में भीषण गर्मी में पारा 45 तक पहुंच चुका है। ऐसे में शिक्षकों का प्रशिक्षण स्कूल खुलने के पश्चात लगाया जाए, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है तथा शिक्षकों की अन्य मांगों पर पर भी विचार करने की बात कही।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रभारी जिलाध्यक्ष एलेन्द्र यादव, बालोद ब्लाक अध्यक्ष खिलानंद साहू, बालोद ब्लाक उपाध्यक्ष संदीप दुबे, डौण्डी ब्लाक अध्यक्ष प्रहलाद कौसमार्य, गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष छबिलाल साहू, कोषाध्यक्ष जागेश्वर पटेल, शैलेन्द्र ठाकुर, जय साहू, ब्लाक मीडिया प्रभारी हेमंत देशमुख, छत्रपाल देशमुख, नकुल अलेंद्र, शिवकुमार चौरके, धर्मपाल नायक, सुरेश कुमार कोठारी उपस्थित थे।

# चिराग की जीत पर स्थानीय लोक जनशक्ति पार्टी ने मनाया जश्न

**गुण्डरदेही।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के छतीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शरत पाण्डेय के नेतृत्व में बिलासपुर द्वारकापुरम पार्टी कार्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी की ऐतिहासिक जीत व एनडीए की सरकार पुनः बनने व चिराग पासवान के जीत पर खुशी मनाई। इसमें क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

लोजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष व गुण्डरदेही विधानसभा के प्रत्याशी रहे तोमन लाल साहू ने कहा कि चिराग पासवान के विगत 5 वर्षों में बिहार की जनता की भावना को पहचानते हुए राजनीति में बदलते परिवेश को जाना है, नतीजा यह रहा कि लोजपा बिहार में विजयी हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ हेमा वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष लेबर सेल संतोष शर्मा, प्रदेश सचिव संतोष पाठक, लेबर सेल प्रदेश उपाध्यक्ष किशोरी लाल साहू, प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ विजय लक्ष्मी साहू, जिला प्रदेश महासचिव युवा प्रीतम कुमार साहू, बुधराम साहू, जिला अध्यक्ष बालोद अगर कुमार साहू, जिला अध्यक्ष मुंगेली जिला अध्यक्ष कार्यकारी युवा प्रकोष्ठ हीरालाल ठाकुर, जिला अध्यक्ष बालोद प्रीती साहू एवं सभी विंगो के प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।



# मनुष्य विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान को न भूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भगवान की शरण में रहने वाला कभी गरीब नहीं रहता। भगवान भाव के भूखे है। भक्ति-भाव, समर्पण के साथ भगवान का स्मरण करने से भगवत् कृपा होती है। माता-पिता के रहते पुत्र द्वारा कमाया धन भी माता-पिता का ही होता है।

■ शुक्रवार को कृष्ण विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई गई

माता-पिता की छत्र छाया जिस पर रहती है वह सदैव प्रसन्न, सुखी रहता है। उक्त बातें नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पं. मनोज दुबे ने कही। नगर में श्रवण गिरी गोस्वामी एवं सावित्री गोस्वामी द्वारा गत 2 जून से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है, जिसका समापन 8 जून को होगा। नगर के वार्ड 9 दुर्ग चौक में कथा चल रही है, कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 6 बजे तक जारी रहती है। आज शनिवार को गीता प्रवचन, यज्ञ, सहस्त्रधारा स्नान होगा। शुक्रवार को पं. मनाज दुबे ने भगवान कृष्ण के अनन्य विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई, शुक्रवार को कथा के दौरान तुलसी वर्षा हुई। कथा के दौरान व्यास पीठ से भागवताचार्य पं. मनोज दुबे ने कहा सुख व दुख दोनों भगवान के रास्ते हैं, घमंड, अहंकार भाव से भगवान की भक्ति को प्राप्त नहीं किया जा सकता।





सुदामा चरित्र हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान को न भूले। भगवान की कृपा जरूर होती है।

भगवान से जब भी मांगों समभाव मांगों न अति हो न कमी हो। मध्यभाव उत्तम भाव है। भागवतकथा में नागेन्द्र गिरी गोस्वामी, नागेश्वर गिरी गोस्वामी, इन्द्रगिरी गोस्वामी, तामेश्वर गिरी गोस्वामी, विरेन्द्र गिरी गोस्वामी, भरतपुरी गोस्वामी एवं गोस्वामी परिवार के साथ नगरवासी बड़ी संख्या मे कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या

**भिलाई।** बुधवार की रात युवक की पत्थर व धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि देवबलौदा निवासी एल चिरंजीवी उर्फ बूसली सी केविन के पास गांधीनगर देव बलोदा क्षेत्र में गांजा और सट्टा में लिप्त है। रात 12 बजे देव बलोदा क्षेत्र में 8 से 9 युवकों ने धारदार हथियार पत्थर से कुचल कर बूसली की हत्या कर फरार हो गए। पुरानी रंजिश के चलते घटना होना बताया जा रहा है। रात 9:30 बजे बूसली कुछ युवकों के साथ शराब पिया और अवैध कार्य करने वाले अर्जुन गैंग के साथ पुरानी रंजिश लंबे समय से चली आ रही थी। इसी बात को लेकर अर्जुन गैंग ,भीम गैंग, गोलू उर्फ दीपक गैंग पिछले दो हफ्तों से युवकों को इकट्ठा कर मौके की ताक में थे। बुधवार की रात शराब पीने के बाद मृतक जैसे ही अपने घर की ओर जाने को निकाला। मौका मिलते ही देव बलोदा क्षेत्र में आरोपियों ने हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। सूचना पर भिलाई तीन पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुची।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा
लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
अंतिम अवसर केवल 09 सीट बांकी
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411